-1

**Syllabus of Hindi Class – 3rd** **2025-26**

**Term - I**

रेफ की मात्रा
पदेन की मात्रा
चाँद बिंदु की मात्रा

पाठ - 1 हम नन्हें बच्चे
पाठ - 2 शेख चिल्ली
पाठ - 4 मोटा बंदर
पाठ - 5 कौए की चोंच
पाठ - 6 स्वार्थी बादल
पाठ - 3 जल ही जीवन है (Comprehension)
पाठ - 7 सोन चिरैया (Recitation)
पाठ - 8 पौधों में भी जीवन है (MCQ)

व्याकरण - लिंग, वचन, विलोम, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, पर्यायवाची शब्द, गिनती, मुहावरे, अशुद्ध-शुद्ध (शब्दों में), संज्ञा, चित्र वर्णन, अनुच्छेद - गाय।

**Term - II**

पाठ - 10 स्वच्छता से स्वास्थ्य

पाठ - 11 खुली पाठशाला फूलों की

पाठ - 12 नन्नू का कमरा

पाठ - 13 मौसम के रंग

पाठ - 14 पाप का फल **OTBA/ M.C.Q.**

पाठ - 15 नानी की बातें **(Comprehension)**

पाठ - 16 कछुआ और खरगोश **(Listening)**

व्याकरण - लिंग बदलो, (वाक्यों में), वचन बदलो, विलोम शब्द, सर्वनाम, पर्यायवाची शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, मुहावरे।

प्रार्थना पत्र : बीमारी के कारण, अवकाश के लिए

## Lesson Plan APRIL 2025

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** चाँद बिंदू, रेफ, पदेन की मात्रा

पाठ - 1 हम नन्हें बच्चे

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इससे अंर्तगत बच्चों को चाँद बिंदू, रेफ, पदेन की मात्रा का ज्ञान दिया जाएगा। बच्चे 'र' के विभिन्न रुपों का ज्ञान प्राप्त करेंगे। तीनों मात्राओं का उचित प्रयोग करना सीखेंगे। पाठ के द्वारा बच्चों में अपने देश प्रेम की भावना जागृत होगी।

**Understanding Objective:** बच्चें चाँद बिंदू के साथ साथ रेफ, पदेन की मात्रा का उचित प्रयोग किस प्रकार सीखेगे। कविता के द्वारा उन्हें देश के प्रति प्रेम, देश की रक्षा करने और हमेशा आगे बढ़ने का प्रण लेना सीखेंगे।

**Skill Objective:** इसमें बच्चे विभिन्न विभिन्न गतिविधियों द्वरा रेफ, पदेन का उचित प्रयोग करना सीखेंगे। कविता की reading के दौरान उचित स्वर, आरोह, अवरोह के साथ कविता का गायन करना सीखेंगे।

**Previous Knowledge Testing:** अध्यापिका द्वारा बच्चों से पहले से की गई सभी मात्राओं में से कुछ सामान्य शब्दों का उच्चारण करवाया जाएगा, कुछ flash card दिखाकर उस flash cards में बनी picture की मात्रा पूछी जाएगी, इसके उपरांत राष्ट्रीय चिन्हों के बारे में साधारण प्रश्न पूछे जाएगे। विद्यार्थी अपनी-अपनी बौद्धिक क्षमता के अनुसार उत्तर देंगे।

**Teaching Aids:** श्यामपट्ट, झाड़न, चॉक, Flash card, youtube link

**Pedagogical Strategies :** अध्यापिका के द्वारा सबसे पहले चाँद बिंदू, रेफ की मात्रा, पदेन की मात्रा की क्रमानुसार Reading करवाई जाएगी। 'र' के विभिन्न रुपों का

Black Board पर लिख कर अंतर समझाया जााएगा, और मात्रा कहाँ पर और कैसे लगानी चाहिए, यह बताया जाएगा। उसके बाद पाठ-1 की क्रमानुसार reading करवाई जाएगी, कविता की लय के साथ उच्चारण करवाया जाएगा। कठिन शब्दों का शुद्ध उच्चारण करना सीखाया जाएगा और कठिन शब्दों का सरल अर्थ भी बताया जाएगा। उसके बाद शब्द अर्थ, प्रश्न उत्तर करवाए जाएगें।

र के विभिन्न रुप

रेफ़ ( ` ) (्र ्र)

| | |
|---|---|
| रेफ़ ( ` ) | (्र ्र) |
| 1. पर्दा 3. गर्म | 1. उम्र 3. प्राणी |
| 2. सर्प 4. वर्षा | 2. प्रधान 4. क्रोध 5. ड्रम |

**Experiential Learning :** अध्यापिका द्वारा बच्चों से 'राष्ट्रीय ध्वज' का चित्र बनाने के लिए कहा जाएगा। कुछ बच्चे राष्ट्रीय ध्वज का flash card भी बनाएगें, उसकी सहायता से कविता का उच्चारण किया जाएगा।

**Art Integration :** विद्यार्थियों के रेफ, पदेन, चाँद बिंदु की मात्रा के शब्द, Fill ups करवाने के बाद तीनों मात्राओं की pictures बनवाई जाएगी। तथा colouring भी करवाई जाएगी।

**Name the pictures**

**Interdisciplinary Linkages and Infusion of Life skills :** इसके माध्यम से बच्चों को देश प्रेम, देश की रक्षा के लिए आगे बढ़ना, हिम्मत से काम लेना, प्रण पर अडे रहना आदि भावनाए पैदा होगी।

**Recapitulation :** इसमें बच्चों को रेफ, पदेन, चाँद बिंदु की मौखिक दोहराई करवाई जाएगी। Black Board Revision भी करवाई जाएगी। कविता का उच्चारण फिर से करवा कर Back Ex's की दोहराई करवाई जाएगी।

खाली स्थानों में सही शब्द भरो -

(क) सूर्य हमें ............ देता है।

(ख) कृषक .............. में रहता है।

(ग) .......... कभी बेकार नहीं जाता।

(घ) पिंकी नई ......... पहनकर आई है।

**Resources including ICT (Information and Communication Technology):** इसमें विद्यार्थियों को तीनों मात्राओं तथा देश प्रेम की कविता से related link share किए जाएँगे तांकि Concept Clarity हो जाए।

Links: https://youtube.com/watchdyRyuEvpJ-s

https://youtube/ChuNQ40rEOE

**Assessment Sheets:** विद्यार्थियों की समझ परखने के लिए कक्षा में करवाए गए सभी Topics की Assessment Sheets दी जाएगी।

**Assessment Sheets:**

2. दिए गए शब्दों में सही स्थान पर रेफ़ ( ॅ ) का चिह्न लगाकर लिखिए।

फ़श - ................ दशन - ..............

माग - .................      काय - .................

अजुन - .................      दजन - .................

तीन-तीन शब्द बनाओ -

क्र - .................  ...............  ...............

प्र - .................  ...............  ...............

ट्र - .................  ...............  ...............

**Remedial Teaching:** बच्चों का लेखन सुधारने के लिए विशेष रुप से लिखना पढ़ना सीखाया जाएगा।

**Inclusive Practices & Full participation without discrimination:** कक्षा के सभी बच्चों को समान रुप से बिना मतभेद से सारी गतिविधियों में शामिल किया जाएगा उनका मनोबल बढ़े।

## Lesson Plan MAY 2025

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** पाठ – 2 शेखचिल्ली

**Grammar :-** लिंग बदलो, वचन बदलो, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, गिनती, संज्ञा छाँटना।

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** पाठ के द्वारा बच्चों को हमेशा समझदारी व सूझबूझ से काम लेना सीखाया जाएगा। समयानुसार बुद्धि का सुचारु रूप से प्रयोग करना सीखाया जाएगा। हमें संसार में रहते हुए अपने आप को हंसी का पात्र नहीं बल्कि प्रशंसा का पात्र बनाना है, सही सीखाना है। व्याकरण के द्वारा बच्चों को स्त्रीलिंग/पुल्लिंग, एकवचन, बहुवचन, उल्टे अर्थ वाले शब्द, गिनती सीखायी जाएगी। संज्ञा का सरल भाषा में ज्ञान दिया जाएगा।

**Understanding Objective:** पाठ के द्वारा बच्चे अपनी बौद्धिक शक्ति का विकास होगा, उनकी निर्णय शक्ति का भी विकास होगा, उनकी निर्णय शक्ति का भी विकास होगा। व्याकरण के द्वारा उन्हें हिन्दी भाषा का शुद्ध रूप से बोलना, पढ़ना, लिखना, सिखाया जाएगा छात्रों की हिंदी भाषा के प्रति रुचि उत्पन्न होगी। विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति का विकास होगा।

**Skill Objective:** छात्रों के लेखन कौशल में विकास होगा। छात्र वचन, लिंग, विलोम को परिभाषित कर सकेंगे। उनके शब्द भंडार में वृद्धि होगी। गिनती के द्वारा उन्हें शुद्ध रूप से हिंदी का उच्चारण व कुछ अंकों को हिंदी में किस तरह बोला जाता है, वह सिखाया जाएगा। विलोम शब्द द्वारा बच्चों की मानसिक शक्ति का विकास होगा, बच्चे अपनी अपनी समझ के अनुसार उत्तर देंगे। उनका दैनिक जीवन में प्रयोग करना सीखेंगे। बच्चों को लिंग/वचन वर्गीकृत करना सीखाया जाएगा।

**Previous Knowledge Testing :** पाठ के द्वारा अध्यापिका बच्चों से कोई भी उनके बचपन का किस्सा कक्षा में सुनाने के उपरांत बच्चों से पाठ की क्रमानुसार reading करवाई जाएगी, कठिन शब्दों का शुद्ध उच्चारण व सरल शब्दों में अर्थ बताया जाएगा। Reading के दौरान बच्चों को April fool क्यों मनाया जाता है और कैसे? यह भी discuss किया जाएगा। बच्चों की रुचि बढ़ें और उनको प्रोत्साहन मिले। उसके बाद गतिविधि होगी।

**Teaching Aids:** श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, flash card, पुस्तक, youtube link और कुछ सजीव वस्तुएँ for gr. topics.

**Pedogogical Strategies:** अध्यापिका के द्वारा पहले reading करने के पश्चात् बच्चों को सारा lesson सरल भाषा में समझाया जाएगा, उसके बाद बच्चों को क्रमानुसार reading करवाई जाएगी। उसके बाद कठिन शब्द शब्द अर्थ प्रश्न-उत्तर करवाए जाएँगे। अध्यापिका द्वारा बच्चों से उनकी समझ परखने के लिए कुछ internal question भी पूछे जाएँगे। उसके उपरांत Back Ex's कक्षा में Discuss की जाएँगी। विद्यार्थियों को लिंग बदलो, वचन बदलो, विलोम शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द आदि सरल भाषा में समझा कर फिर notebooks पर लिखवाए जाएँगे। संज्ञा करवाते समय कक्षा में से ही live examples देकर जैसे पंखा, अलमारी, अध्यापिका, फूल, स्कूल, चपड़ासी आदि की उदाहरण देकर संज्ञा का concept समझाया जाएगा।

**Art Integration :**

इसमें अध्यापिका द्वारा बच्चों से Grammar topic विलोम शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, गिनती, संज्ञा के flash cards बनवाए जाएँगे और संज्ञा के चित्र भी बनवाए जाएँगे और संज्ञा के चित्र भी बनवाए जाएँगे।

**Inter-disciplinary linkages and infusion of life skill**

इसमें बच्चों को अपनी समझने, परखने, निर्णय लेने की शक्ति क्षमता का विकास होगा, व्याकरण के द्वारा उनकी शब्दावली द्वारा अनेक नए शब्दों से अवगत् होंगे।

**Recapitulation**

इसमें अध्यापिका द्वारा क्रमानुसार पाठ एवं Group topics की मौखिक दोहराई के पश्चात् लिखित दोहराई भी करवाई जाएगी और Black Board Revision भी करवाई जाएगी।

**पाठ - 2**

**शब्द अर्थ -**

**वाक्य बनाओ** - 1. अमीर 2. माँ 3. हैरानी

**अनेक शब्दों के लिए एक शब्द :-**

1. जो कभी न करे।
2. डाक बाँटने वाला।

**Resoures including ICT**

कक्षा में करवाए गए सभी Gr. Topics को youtube link share किए जाएँगे।

शेखचिल्ली पाठ के आधार पर एक हास्य कथा का link share किया जाएगा तथा कक्षा में अगले दिन Discuss भी किया जाएगा।

https://youtube/tvq2j063xml

https://youtube/VTpXDzQ3KNU

**Assessment Sheets**

अध्यापिका बच्चों की समरण शक्ति परखने के लिए कुछ Assessment Sheet देगी तांकि उनकी जाँच हो सके। Concept clarity भी पता लग जाए।

**ASSESSMENT SHEET**

वर्ग पहेली में से एकवचन तथा उनके बहुवचन छाँटकर लिखो :-

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| थै | ला | व | पं | त्र | न | एकवचन | बहुवचन |
| ले | ह | न | दी | म | प | थैला | थैले |
| र | चि | दि | म | हि | ला | | |
| चि | ड़ि | याँ | त | ला | ष | | |
| न | क | डे | डा | ए | न | | |

**Remedial Teaching**

बच्चों का लेखन सुधारने के लिए उनके सुलेख अभ्यास करवाया जाएगा। कक्षा में की गई गल्तियों का पुनः अभ्यास करवाया जाएगा। Reading पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive practices and full participation without discrimination**

कक्षा के सभी बच्चों को विभिन्न विभिन्न गतिविधियों में शामिल किया जाएगा, उनका interest बढ़ाने के लिए playway method भी अपनाया जाएगा।

## Lesson Plan AUGUST 2025

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** पाठ - 4 मोटा बंदर
पाठ - 5 कौए की चोंच

**Grammar:-** पर्यायवाची शब्द

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इन पाठ के दौरान बच्चों को यह ज्ञान दिया जाएगा कि हमें जंगलों को नहीं काटना चाहिए। उनके काटने से क्या नुकसान है उन्हें अवगत करवाया जाएगा। किस जानवर के रहने का स्थान कैसा है, कहाँ वो बताया जाएगा। पर्यायवाची शब्दों के द्वारा उनके शब्दावली भंडार में वृद्धि होगी।

**Understanding Objectives:** इसमें विद्यार्थियों को दिन प्रतिदिन जो वनों/वृक्षों की कटाई बढ़ती जा रही है उनके दुष्परिणाम बताए जाएँगे, उनके साथ उनको यह भी सीख दी जाएगी कि हमें कभी ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे किसी दूसरे को दुःख पहुँचे और बुरा लगे।

**Skill Ojectives:** इसके अन्तर्गत बच्चों की निर्णय शक्ति, समझ, परखने की शक्ति का विकास होगा। बच्चे बहुत कुछ नया सीखेंगे। अच्छे बुरे कर्मों का फल क्या होता है, वे सीखेंगे। कहानी को आरोह अवरोह हाव भाव से पढ़ना भी सीखेंगे।

**Previous Knowledge Testing :** अध्यापिका द्वारा बच्चों से जानवरों से संबंधित कुछ साधारण प्रश्न पूछे जाएँगे। उसके बाद उनका मनपसंद पालतू जानवरों के बारे में discussion फिर उनके आवास स्थानों के बारे में भी विचार-विमर्श करवाया जाएगा।

**Teaching Aids:** श्यामपट्ट, झाड़न, चाक, पुस्तक flashcards youtube links

**Pedagogical strategies :** अध्यापिका द्वारा सबसे पहले reading की जाएगी। उसके बाद बच्चों से उनके क्रमानुसार reading करवाई जाएगी। कठिन शब्दों का सही उच्चारण करना सीखाया जाएगा। Blackboard पर कठिन शब्दों को जोड़-जोड़ कर पढ़ना बताया जाएगा। उसके बाद कठिन शब्द, शब्द अर्थ, प्रश्न उत्तर करवाए जाएँगे। Back Enercices

Discuss करने के बाद गृह-कार्य के लिए दी जाएगी। पर्यायवाची शब्दों का अर्थ बताकर बाद में notebooks पर लिखे जाएँगे।

**Art Integration :-** बच्चों को reading करवाने के बाद हाव-भाव के साथ संवाद के रूप में Inactment करवाया जाएगा। बच्चे अपने-अपने पात्र के according flash cards बनाएँगे। उन्हीं flash cards का prop के रूप में use किया जाएगा।

**Interdisciplinary linkages and infusion of life skill:-** इसमें बच्चों को यह सीखने को मिलेगा कि हमें कभी किसी को दुःख नहीं देना चाहिए, अच्छे कर्म करने चाहिए। वनों की कटाई करने को रोकने के लिए हर संभव प्रयत्न करना चाहिए। पर्यायवाची शब्दों के माध्यम से बच्चे कई नए-नए शब्दों से परिचित होंगे। उनका अपने दैनिक जीवन में प्रयोग करेंगे।

**Recapitualation:-** इसके अन्तर्गत अध्यापिका द्वारा पाठ एवं Gr. Topic की मौखिक दोहराई के साथ-साथ लिखित दोहराई भी कराई जाएगी। फिर से कठिन शब्दों का उच्चारण बोल बोल पर पुनः अभ्यास करवाया जाएगा।

**Resources including ICT :-** कक्षा में करवाए गए Topics की दोहराई के लिए उचित youtube link share किया जाएगा तांकि उनको concept clarity हो जाए। https://youtube.com Lohrx5Xg10

**Assessment Sheets:-** मौखिक दोहराई के बाद लिखित दोहराई के लिए Assessment Sheets दी जाएगी।

**Remedial Teaching:-** बच्चों द्वारा दी गई त्रुटियों को सुधारने के लिए उनकी बार-बार practice करवाई जाएगी। Reading practice पर विशेष तौर पर ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and Full participation without discrimination :-** कक्षा में सभी विद्यार्थियों को सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। सबसे अच्छा करने वाले का कक्षा में अध्यापिका द्वारा व अन्य छात्रों द्वारा प्रशंसा की जाएगी व तालियां में हौंसला बढ़ाया जाएगा।

**No. of Teaching days:-**

**Topic :** पाठ-6 स्वार्थी बादल, मुहावरे, अशुद्ध शुद्ध अनुच्छेद - गाय।

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इस पाठ के दौरान बच्चे सीखेंगे कि दूसरों को खुशी देकर ही हम खुश रह सकते हैं। सबका भला करने पर ही अपना भला होगा। मुहावरों के द्वारा तथा अशुद्ध-शुद्ध के माध्यम से शब्दावली भंडार में वृद्धि होगी।

**Understanding Objectives:** इसमें विद्यार्थियों को समझाया जाएगा कि हमें दूसरों के साथ अपनी तुलना नहीं करनी चाहिए। अपने स्वार्थ के लिए नहीं ब्लकि सबका हित जिसमें हो, वही बात करनी चाहिए। बच्चों को समझाया जाएगा कि स्वार्थी व्यक्ति को कोई पसंद नहीं करता।

**Skill Ojectives:** इसमें बच्चों को शुद्ध एवं दैनिक जीवन में प्रयोग वाली शब्दावली का भंडार बढ़ेगा। मुहावरों के द्वारा उनका हिंदी भाषा के प्रति रुचि बढ़ेगी।

**Previous Knowledge Testing :** अध्यापिका द्वारा बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए उनसे सामान्य रुप से बातचीत की जाएगी कि तुम्हें अपनी चीज़ें दूसरों को देना, मिल बाँटकर इस्तेमाल करना अच्छा लगता है या बुरा? दूसरों को परेशानी में देखकर तुम्हें कैसा लगता हैं? क्या कोई अकेला खुश रह सकता है?

**Teaching Aids:** श्यामपट्ट, झाड़न, चॉक, flashcards youtube links

**Pedagogical strategies :** अध्यापिका द्वारा स्वयं के reading के पश्चात् बच्चों से reading करवाई जाएगी। कठिन शब्दों का शुद्ध-उच्चारण एवं सरल भाषा में उनका अर्थ समझाया जाएगा। उसके बाद Back Ex's discuss की जाएगी। प्रश्न उत्तर करवाए जाएँगे। अशुद्ध शब्दों की शुद्ध वर्तनी पहले श्यामपट्ट पर समझाकर उसके बाद notebook पर लिखवाएँ जाएँगे। अनुच्छेद करवाने से पहले कक्षा में 'गाय' पर विचार विमर्श करने के बाद

मुहावरों की सरल भाषा में परिभाषा व उनका दैनिक जीवन में प्रयोग करना बतलाया जाएगा उसके बाद बच्चे अपनी अपनी notebooks पर note करेंगे।

**Art Integration :** बच्चों द्वारा अपनी-अपनी स्क्रैप फाइल पर बादलों का चित्र एवं गाय के Flash card बनाए जाएगें।

**Interdisciplinary linkage and infusion of life skill**: इसमें बच्चों को यह सीखने को मिलेगा कि हमें कभी किसी से जलन, ईर्ष्या आदि नहीं करना चाहिए। उन्हें थोड़े समय की खुशी और हमेशा रहने वाली खुशी का अंतर समझाएँ। सबकी भलाई में हमारी भलाई है, यह समझाया जाएगा।

**Recapitualation:-** इसमें अध्यापिका द्वारा कक्षा में करवाए गए सारे Topics की मौखिक दोहराई करवाई जाएगी। कठिन शब्दों का बोल-बोल कर शुद्ध उच्चारण सीखाया जाएगा। Black Board practice भी करवाई जाएगी।

**Resources including ICT :-** कक्षा में करवाए गए Topics के youtube link share किए जाएँगे तांकि concept clean हो जाए।

https://youtu.be/Tq6OLQ3V

https://youtu.be/AOYilKBb9vs

**Assessment Sheets:-** कक्षा में मौखिक दोहराई के बाद लिखित दोहराई के बाद Topics Assessment Sheets दी जाएगी। त्रुटियों को दोबारा लिख लिख कर सुधारने के लिए कहा जाएगा।

**Assessment Sheets:-** मुहावरों के अर्थ लिखें

1. नौ दो ग्यारह हो जाना -
2. ईद का चाँद होना-
3. आँखों का तारा -

अशुद्‌ध-शुद्‌ध

1. इसलीए 4. खूशी

2. कयोंकी 5. नूकसान

3. उतसाह 6. पानि

**Remedial Teaching :-** कक्षा में दोहराई के दौरान की गई गलतियों को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। Reading पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and Full participation without discrimination :-** कक्षा में सभी बच्चों को सारी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बच्चों की रुचि बढ़ाने के लिए playway method द्‌वारा भी सीखाया जाएगा।

## Lesson Plan SEPTEMBER & OCTOBER 2025

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** पाठ - 10 स्वच्छता से स्वास्थ्य
पाठ - 11 खुली पाठशाला फूलों की

व्याकरण : लिंग बदलो (वाक्यों में)

वचन बदलो, विलोम शब्द, सर्वनाम छाँटना

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इसमें छात्र अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखन सीखेंगे। वहीं 'खुली पाठशाला फूलों की' से छात्र अलग अलग फूलों के नाम सीखेंगे।

**Skill Ojectives:** छात्रों को 'स्वच्छता से स्वास्थ्य' पाठ से संवाद बोलने की कला का विकास होगा। वहीं 'खुली पाठशाला फूलों की' से छात्रों में आपस में मिलजुलकर रहने की भावना का विकास होगा।

संवाद

स्वच्छता से स्वास्थ्य

माँ - बेटा ! कीटाणु बहुत ही छोटे छोटे जीव होते हैं।

आदित्य : वे हमारे शरीर में कैसे घुस जाते है।

**Understanding Objectives :** व्याकरण के नियमों को समझ कर बच्चों को सर्वनाम छाँटना सिखाया जाएगा। इसके साथ ही लिंग बदलो, वचन बदलो विलोम शब्द भी समझा कर लिखके सिखाए जाएँगे।

**Previous Knowledge testing :** बच्चों से पूछा जाएगा कि हमें अपने आस पास कहाँ कहाँ की सफ़ाई रखनी चाहिए?

हिंदी में कुछ फूलों के नाम बताएँ।

**Teaching Aids :** Chalk, duster, board, charts, youtube link

**Pedagogical Strategies :** पाठ -10 स्वच्छता से स्वास्थ्य की अध्यापिका स्वयं उच्च स्वर में reading करते हुए छात्रों को पीछे पीछे बोलने को कहेगी तांकि कठिन शब्दों का सही उच्चारण छात्रों को पता चल सके। फिर अध्यापिका पाठ में आए पात्रों अर्थात् माँ तथा आदित्य का role किन्हीं दो छात्रों को चयन करके उन्हें उनके संवाद बोलने को कहेगी। छात्रों को जहाँ अपना-अपना संवाद बोलना आएगा वहीं उन्हें सफ़ाई रखने के लाभ भी पता चलेंगे। अन्य पाठ 'खुली पाठशाला फूलों की' का स-स्वर अध्यापिका पढ़ना सिखाएगी। कविता को सही ढंग से पढ़ने के बारे में सिखाया जाएगा। पाठ से मिलने वाली शिक्षा समझाकर छात्रों को कठिन शब्दों के अर्थ समझाकर शब्द अर्थ करवाए जाएँगे। प्रश्नोत्तर discuss करके बच्चों को स्वयं करने को कहे जाऐंगे। पिछला अभ्यास समझाया जाएगा व बच्चों द्वारा स्वयं किया जाएगा। पाठ-10 'स्वच्छता से स्वास्थ्य' की अलग अलग छात्रों द्वारा संवाद कर reading करवाई जाएगी। इसी प्रकार पाठ 11 कविता 'खुली पाठशाला फूलों की' भी reading अलग-अलग छात्रों द्वारा करवाई जाएगी। उन्हें पाठ से मिलने वाली शिक्षा बताई जाएगी।

सर्वनाम की परिभाषा समझा कर उसके भेद भी समझाए जाएँगे। फिर अलग-अलग वाक्यों द्वारा उन्हें छाँटना सिखाया जाएगा। Flash cards द्वारा लिंग बदलो, वचन बदलो तथा विलोम शब्द सिखाए जाएँगे।

सर्वनाम

सर्वनाम के छः भेद होते है।

1. पुरुषवाचक सर्वनाम    2. निजवाचक सर्वनाम

3. निश्चयवाचक सर्वनाम    4. अनश्चियवाचक सर्वनाम

5. प्रश्नवाचक सर्वनाम    6. संबंधवाचक सर्वनाम

**Art Integration :** व्याकरण से संबंधित विषयों के flash cards बनवाए जाएँगे। फूलों के चित्र बनाकर उनमें रंग भरने को कहा जाएगा। छात्रों को फूलों पर कोई अन्य कविता लिखने

को कहा जाएगा तथा साथ ही रंगीन कागज़ पर फूल बनाने अर्थात् Craft में Paper folding से फूल बनवाए जाएँगे।

**Interdisciplinary linkage and infusion of life skill**: व्याकरण के ज्ञान से छात्रों सर्वनाम की पहचान तथा छाँटना आएगा। छात्र अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखना तथा कैसे बीमारियों से बचा जा सकता है, सीखेंगे अलग-अलग फूलों के नाम, रंग तथा उनके गुणों को सीखेंगे।

**Recapitualation:-** Oral revision करवाने के बद लिखित revision भी करवाई जाएगी। Dictation test भी लिखित अभ्यास के बाद लिया जाएगा।

**Resources including ICT :-** छात्रों को सर्वनाम परिभाषा, भेद, छाँटना, लिंग बदलो, वनच बदलो, विलोम शब्द के link share किए जाएँगे।

youtube link:

https://youtube.com/watch?v=JMYUByPrv70&feature=share

**Assessment Sheets:-** छात्रों द्वारा प्राप्त किए गए ज्ञान का सही पता लगाने के लिए Assessment Sheets ली जाएगी।

**Practice Worksheet :-**

कठिन शब्द : स्वच्छता, स्वास्थ्य, डॉक्टर

प्र1. शब्द अर्थ :- जीव, ज़रिए

प्र2. वाक्य बनाओ: सफ़ाई, गंदे

प्र4. हमें कहाँ- कहाँ की सफ़ाई करनी चाहिए?

निम्न पंक्तियाँ पूरी करो।

1. खुली .............. की।

2. .............. हाथ में फूल ........ आए ।

लिंग बदलो : लड़का, सास

वचन बदलो :नदी, बच्चा

प्र. सर्वनाम के कितने भेद हैं?

**Revision**

छात्रों को Half yearly exams की पहले मौखिक अभ्यास करवाया जाएगा फिर लिखित अभ्यास  बारी बारी से करवाया जाएगा।

पाठ की Back exercises तथा व्याकरण के सभी विषयों की oral revision के बाद written revision करवाई जाएगी।

**Half yearly**

प्र1.  रेफ़ की मात्रा के दस  शब्द लिखो।

प्र2.  Name the pictures

प्र3.  शब्दों के अर्थ  लिखो।

बेघर, पेंदी

प्र4.  वाक्य बनाओ : बंदर, पक्षी

प्र5.  गिनती हिंद में लिखो।

2, 6, 13, 30

प्र6.  लिंग बदलोः बेटा, नर

प्र7.  वचन बदलो : बच्चा, नदी

**Remedial Teaching :** जो बच्चे किसी प्रकार से किसी भी विषय में पिछड़े होंगे उन पर विशेष ध्यान देते हुए उन्हें दोबार से वह विषय समझाए जाएँगे। सुंदर  लिखाई व सही बनावट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and Full participation without discrimination :-** बिना किसी भेदभाव के बच्चों से reading करवा कर सभी बच्चों को कविता याद करवाई जाएगी। मौखिक चर्चा तथा मौखिक दोहराई में सभी छात्रों से पूछा जाएगा।

## Lesson Plan NOVEMBER 2025

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** पाठ - 12 नन्नू का कमरा
पाठ - 14 पाप का फल **MCQ**

व्याकरण : पर्यायवाची शब्द

**No of days required to complete the topic:**

**Learning Outcomes:** बच्चों को आत्मकथा लिखने की प्रेरणा मिलेगी। अपना घर अपना आपस पास स्वच्छ रखने के लाभों का ज्ञान प्राप्त होगा।

**Knowledge objective:** बच्चों को ज्ञान होगा कि स्वच्छता कमरा अपने आस पास स्वच्छता रखने से हमें कितनी खुशी प्राप्त होती है।

**Understanding objective:** पर्यायवाची शब्दों के द्वारा बच्चों को शब्दों के विभिन्न अर्थों का ज्ञान होगा, जिससे वह रोज़ाना जिंदगी में इन शब्दों का प्रयोग कर सकेंगे।

**Skill Ojectives:** बच्चे स्वच्छता के महत्त्व को समझते हुए समाज में एक स्वस्थ और सुखमय माहौल लाने में सक्षम होंगे।

**Previous Knowledge testing:** बच्चों से पूछा जाएगा कि वह अपने कौन कौन से काम स्वयं करते हैं। अपनी माँ के कौन से काम में हाथ बँटाते हैं।

**Teaching aids:** श्यामपट्ट, झाड़न, चॉक flashcards, youtube links

**Pedagogical strategies :** पाठ-12 (नन्नू का कमरा) पहले उच्च स्वर में पढ़ाया जाएगा। फिर प्रत्येक बच्चे से क्रमानुसार reading करवाई जाएगी। कठिन शब्दों के अर्थ समझाकर लिखवाए जाएँगे। शब्द-अर्थ समझाकर लिखवाए जाएँगे। प्रश्न उत्तर discuss किए जाएँगे व समझाकर लिखवाए जाएँगे। पाठ का पिछला अभ्यास समझा कर करवाया जाएगा। पाठ पूरा होने मौखिक अभ्यास करवाया जाएगा और लिखित अभ्यास भी करवाया जाएगा। Dict.

Test का अभ्यास करवाने के बाद Dict. test भी लिया जाएगा। व्याकरण में से पर्यायवाची शब्द समझा कर करवाए जाएँगे।

स्वच्छता से संबंधित अन्य कहानी सुनाकर स्वच्छता का महत्त्व समझाया जाएगा। पर्यायवाची शब्द समझाने के लिए बच्चों को flash cards दिए जाएँगे। एक शब्द बोलकर जिस बच्चे के पास उसके अर्थ के cards होंगे वह खड़ा होकर card दिखाएगा व शब्द पढ़कर बताएगा।

| | | |
|---|---|---|
| आँख | नयन | नेत्र |
| | चक्षु | लोचन |

**Art Integration :** बच्चों द्वारा flash cards स्वयं बनाए जाएँगे। पाठ से संबंधित activity कॉपी में की जाएगी। चित्र बनाकर उनमें colour किए जाएँगे।

अस्वच्छता स्वच्छता

**Interdisciplinary linkage and infusion of life skill**: इस पाठ के द्वारा बच्चे स्वच्छता का महत्त्व समझते हुए, स्वच्छ और स्वच्छ दिनचर्या का पालन करेंगे। समाज में ही स्वच्छता का संदेश देंगे।

**Resources including ICT :-**

https://youtu.be/MNb-GPjS1k8

https://youtu.be/Tli-KJfSrJ1

**Assessment Sheets:-**

प्रश्न1. शब्द अर्थ

(i) रश्क (ii) कराहना

प्रश्न2. वाक्य बनाओ।

(i) जूता (ii) डिब्बा

प्रश्न3. पर्यायवाची शब्द

(i) आग (ii) रात

प्रश्न4. प्रश्नोत्तर

(i) नन्नू कौन था?

(ii) किसका कमरा साफ़ रहता था?

प्रश्न5. खाली स्थान भरो।

(i) मुझे .......... होता है अपने पड़ोसी कमरे से।

(ii) कपड़े सही तरीके से ........ करके रखती है।

**Remedial Teaching :** बच्चों की writing सुधारने के लिए कक्षा में काम शुरु करवाने से पहले Formation के बारे में बताया जाएगा।

**Inclusive Practices and Full participation without discrimination :-** सभी बच्चों से क्रमानुसार reading करवाई जाएगी। सभी बच्चे मिलकर कक्षा में अपने मन पसंद खिलाड़ियों / जानवरों का कोलाज बनाएँगे।

## Lesson Plan DECEMBER 2025

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** पाठ – 13 मौसम के रंग

व्याकरण : प्रार्थना पत्र – बीमारी के कारण अवकाश के लिए।

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इसमें बच्चों विभिन्न मौसमों के बारे में जानकारी प्राप्त होगी। हर मौसम का हमारे जीवन में क्या महत्व है यह जात पाएँगे।

**Understanding objective:** व्याकरण के द्वारा बच्चे व्याकरण के नियमों उनके प्रयोग को जान पाएँगे।

**Skill objective:** इसके द्वारा बच्चे विभिन्न मौसमों व उनमें आने वाले बदलाव के बारे जान पाएँगे।

**Previous Knowledge Testing:** अध्यापक के द्वारा बच्चों से पूछा जाएगा कि साल में कितने मौसम आते हैं? अच्चों से पूछा जाएगा कि बीमारी के कारण अगर उन्हें छुट्टी लेनी है तो वे क्या करेंगे।

**Teaching aids:** चॉकए पुस्तकए चित्रए झाड़नए ब्लैक बोर्ड आदि।

**Pedagogical strategies :** अध्यापक द्वारा बच्चों से कक्षा में मौसम के रंग पाठ पढ़वाया जाएगा। बच्चों के कविता के भाव समझाकर कठिन शब्दों के अर्थ बताए जाएँगे। बच्चों के कठिन शब्द व शब्दार्थ लिखवाए जाएँगे। प्रश्नोत्तर समझाकर उत्तर पुस्तिका में लिखवाए जाएँगे।

बच्चों को बीमारी के कारण अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र का format बताकर लिखना सिखया जाएगा।

**Art Integration:** बच्चों के द्‌वारा भिन्न-भिन्न मौसमों के चित्र काटकर कॉपी में एक collage बनाया जाएगा। जिससे बच्चों को यह भी समझ आ जाएगी। कि हर मौसम का अपना ही रंग व महत्ता है।

**Interdisciplinary linkage and infusion of life skill**: इस में बच्चों को सभी मौसमों की जानकारी दी जाएगी। बच्चों को यह ज्ञान में महत्ता है तथा हर मौसमा का अपना ही रूपप व अंदाज है।

**Recapitulation**: Recapitulation के दौरान बच्चों से करवाए गए Topics में से प्रश्न पूछे जाएँगे कि बच्चों को पूरी जानकारी प्राप्त हुई या नहीं।

**Resources including ICT :-** इसमें व्याकरण संबंधी जानकारी देने के लिए youtube links and videos share किए जाएँगी ताकि बच्चे आसानी से समझ सके।

**Lesson Plan JANUARY 2026**

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** पाठ-14 पाप का फल (**OTBA**)
पाठ-15 नानी की बातें (**COMPREHENSION**)
उनेक शब्दों के लिए एक शब्द

व्याकरण : प्रार्थना पत्र - बीमारी के कारण अवकाश के लिए।

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** बच्चे पाठ-पाप का फल से सीखेंगे कि बुरा धर्म धरना ही नहीं अपितु बुरे या गलत कर्म करने के बारे में सोचना भी आपे सभी अच्छे कर्म नष्ट कर देता है। पाठ-नानी की बातें चाँद के बारे में सही स्पष्ट जानकारी पाँएगे।

**Understanding objective:** बच्चे अच्छे कर्मो का क्यों नही रहता यह समझेंगे। चाँद सदा एक सा क्यों नही रहता यह समझेंगे। चाँद पर धोई जीवन नहीं होता। व्याकरण में अनेक शब्दों के लिए एक शब्द को समझा कर छात्र अपनी भाषा को सुंदर और प्रभावशाली बनाएँगे।

**Skill objective:** बच्चे विज्ञान के इस विषय को समझेंगे, तथा जीवन में इसका प्रयोग करेंगे। बच्चों की OTBA तथा गद्यांश के द्वारा भाष को पढ़ने तथा समझने की क्षमता बदेंगी।

**Previous Knowledge Testing:** बच्चों से अध्यापिका द्वारा पूछा जाएगा कि

1. वे नानी के घर कब जाते हैं?
2. नानी उन्हें कैसे प्यार करती है?
3. क्या नानी उन्हें कहानी सुनाती है?
4. चाँद को कौन-कौन रात में देखता है?
5. आपको चाँद को देखकर कैसा लगता है?

**Teaching aids:** पुस्तक, श्यामपट्ट, चॉक, झाड़न, Youtube links

**Pedagogical strategies :** बच्चों को पाठ-14 पाप का फल स्वयं उच्च स्वर में पढा कर सभी बच्चों से कमानुसार पढवाया जाएगा। नए तथा कठिन शब्दों का उच्चारण करना बताया जाएगा। तत्पश्चात् OTBA लिया जाएगा। पाठ-15 नानी की बातें स्वयं उच्च स्वर में पढ कर सभी बच्चों से क्रमानुसार पढ़वाया जाएगा। नए तथा कठिन शब्दों के अर्थ बता कर उनका उच्चारण करना बताया जाएगा। इसके बाद उच्चारण करना बताया जाएगा। इसके बाद कोई भी गद्यांश लेकर उसमें से प्रश्न पूछे जाएँगे। अनेके शब्दों के लिए एक शब्द समझा कर लिखवाए जाएँगें

1. अपने देश का - स्वदेशी
2. लालच करने वाला - लालची
3. पौधों की देखभाल करने वाला - माली
4. खेती करने वाला - किसान

**Experimential learning:** Flash cards बच्चों से Flash Card बनवा कर अनेक

शब्दों के लिए एक शब्द समझा कर करवाए जाएँगे।

1. मजदूर | श्रमक रने वाला श्रमिक
2. पढाने वाला - शिछक, अध्यापक
3. तैराकी करने वाला - तैराकी

**Art Integration:** बच्चों से पाठ संबंधी चित्र कॉपी में बनवा कर रंग भरवाए चाएँगे। ऋषि और नानी के चित्र बनवाए जाएँगे।

**Interdisciplinary linkage and infusion of life skill**: विज्ञान के इस विषय को रोचक बना कर समझाया जाएगा। बच्चे जाएँगे कि चाँद बड़ा क्यों दिखता है व सूरज छोटा। वह जनेंगे कि धरती सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है वहीं चंद्रमा धरती के चारों ओर चक्कर लगाता है। बच्चों में परोपकार की भावना पैदा होगी।

**Information and Communication Technology:-** Youtube पर चंद्रमा की कलाएँ बच्चों को दिखाई जाएँगी।

link https://youtu.be/BQvo7vyCmuE

**Assessment Items**:

OTBA Fillups

1. एक __________ एक गाँव के पास लंगत में रहते थे।

2. इससे फसल हमेशा __________ रहेगी।

3. किसानों की फसल __________ हो गई।

**Comprehension**

संजू और संगीता ............

................. रहती हैं ?

प्र.1 किसके पास कहानियों का खजाना था ?

प्र.2 चाँद किससे बड़ा दिखता है ?

प्र.3 दोनों बच्चे कहाँ और किसके साथ खेलते ?

प्र.4 शब्द अर्थ ?

1. आसमान __________ 2. रात __________

प्र.5 विलोम शब्द ढूँढो ?

1. उत्तर __________ 2. अधूरा __________

उर्पयुक्त वर्ग में से इनके उत्तर ढूँढ कर लिखो

1. गाना गाने वाला

2. लालच करने वाला

3. कपड़े धोने वाला

4. जो कभी न मरे

**Remedial Teaching:-** सभी बच्चों से नए तथा कठिन शब्दों का उच्चारण करवाया जाएगा। जिस बच्चे को इस में कठिनाई आएगी। उसे विशेष तौर पर बार-बार शब्द बुलवा कर उच्चारण सही करवाया जाएगा। सुंदर, साफ लिखई व सही बनावट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusinve Participation and Full Participation without discrimination:-** कक्षा में बिना किसी भेदभाव के सभी बच्चों को बराबर मौका दिया जाएगा। सभी से क्रमानुसार पढवाया जाएगा। एवं प्रश्न पूछे जाएँगे।

## Lesson Plan FEBRUARY 2026

**No of Teaching Days**

**TOPIC:** पाठ- कछुआ और खरगोश

व्याकरण मुहावरे, में, मैं में अंतर

है, हैं कि की में अंतर

**No of days required to complete the topic:**

**Knowledge objective:** इस पाठ से छात्रों को अपना कार्य सही ढंग से सही तकनीक से करने की प्रेरण मिलेगी।

**Understanding objective:** छात्र सीखेंगे कि कार्य को सही ढंग से करना आवश्यक है न कि जल्दबाजी में। जल्दी और जल्दबाजी में अंतर सीख जाएँगे।

**Skill objective:** पाठ से छात्रों को विभिन्न जानवरों व पशुओं के स्वभाव का पता चलेगा।

**Previous Knowledge Testing:** छात्रों से पूछा जाएगा क्या कभी ऐसा हुआ है कि सही समय पर सही निर्णय न लेने के करण उनका कार्य बिगड़ गया हो?

2. जल्दबाजी के कारण वे आगे निकलने की बजाए किसी कार्य में पछड़ गए हों।

**Teaching aids:** चॉक, झाड़न, हरित पटट, पुस्तक, Youtube links, फलूश कार्ड

**Pedagogical strategies :** कछुआ और खरगोश का आदर्श वाचन शिक्षिका द्वारा किया जाएगा। पाठ की कहानी छात्रों को विस्तार-पूर्वक समझाई जाएगी। तत्पश्चात छात्रों से क्रमानुसार वाचन करवाते हुए कठिन शब्दों के अर्थ समझाए जाएँगे। उच्चारण संबंधी समस्या को दूर किया जाएगा। प्रश्नोत्तर व अभ्यास कार्य कॉपी में करवाया जाएगा।

**Experimential learning:** Flash cards बच्चों से Flash Card बनवा कर अनेक

व्याकरण के विषय सरल बनाने के लिए फलैश कार्ड का प्रयोग किया जाएगा। हरित पटट पर वाक्य लिख कर अंतिम अक्षर को खाली स्थान का रूप दिया जाएगा। है, हैं, में, मैं आदि फलैश कार्ड के रूप में छात्रों को दिया जाएँगे। प्रत्येक वाक्य के खाली स्थान भरने के लिए छात्र अपने-2 कार्ड दर्शाएँगे।

**Experiential Learning:** छात्र कक्षा में एक छोटा सा नघु अभिनय करेंगे। इ समे कछुआ और खरगोश एवं किसी अन्य रोचक शिक्षाप्रद कथा को प्रस्तुत किया जाएगा।

छात्र इइसकी प्रकार की कथाएँ कक्षा में सुनाएँगे। ऐसे रोचक किस्से अध्यापक द्‌वारा भी share किए जाएँगे।

**Art Integration**: छात्र इस कथा का चित्रात्मक वर्णन कॉपी पर करेंगे। कथा से संबंधित चित्र कॉपी पर बनाएँगे अथवा चिपकाएँगे छात्रों से किन्ही चार जानवरों के चित्र चिपकाकर उनके खन-पान व स्वभाव के विषय में लिखने को कहा जाएगा।

**Interdisciplinary lingaes and infusion fo life skills:-** छात्र जीव-जगत के विषय में नई जानकारी प्राप्त करेंगे। सामान्य ज्ञान में वृद्‌धि होंगे। एक सूची छात्रों से तैयार करवाई जाएगी जिस में तेज भागने वाले और धीरे चलने वाले जानवरों के नाम होंगें

**Recapitulation**: छात्रों से पाठ से संबंधित प्रश्न पूछे जाएँगे। छोटे-छोटे वाक्य बनाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया जाएगां पाठ में से लघु प्रश्न, खाली स्थान, वाक्य बनाओ पूछे जाएँगे।

**Remedial Teaching:-** सभी बच्चों से नए तथा कठिन शब्दों का उच्चारण करवाया जाएगा। जिस बच्चे को इस में कठिनाई आएगी। उसे विशेष तौर पर बार-बार शब्द बुलवा कर उच्चारण सही करवाया जाएगा। सुंदर, साफ लिखई व सही बनावट पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**Resources including (ICT) Inclusinve Participation and Full Participation without discrimination:-** Youtube link share किए जाएँगे। कछुआ और खरगोश जैसी अन्य शिखाप्रद कहानियों कक्षा में छात्रों को Smart Class आदि पर दिखाई जाएगी।

https://youtu.be/GAjS7_88Jxo

शब्द-अर्थ

1. तट 2. काल 3. लगातार

प्रश्न-उत्तर

1. कछुआ और खरगोश कहाँ रहते थे ?
2. हर साल मेले में कौन आता था ?

**Remedial Teaching:-** छात्रों के उच्चारण पछ को सुधारने के लिए विशेष प्रयत्न किए जाएँगे। हस्तलेखन पर बल दिया जाएगा। जिन छात्रों के विषयगत कोई परेशानी है उन पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाएगा।

**Inclusive Practices and Full Participation without Discrimination:-** सभी छात्रों की कक्षा में बिना किसी भेद-भाव समान रूप से भागीदारी को यकीनी बनाया जाएगा।